RNI No. GUJHIN/2011/39228

GARVI GUJARAT

# गरवी गुजरात

गरवी गुजरात

अहमदाबाद से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 15
अंक : 139
दि. 18.09.2025,
गुरुवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : MANOJKUMAR CHAMPAKLAL SHAH Regd. Office: TF-01, Nanakram Super Market,Ramnagar,Sabarmati, Ahmedabad-380 005. Gujarat, India.

Phone : 90163 33307 (M) 93283 33307, 98253 33307 • Email : garvigujarat2007@gmail.com • Email : garvigujarat2007@yahoo.com • Website : www.garvigujarat.co.in




## संक्षिप्त समाचार

### जे एण्ड के फिर रोकी गई वैष्णो देवी यात्रा, हजारों भक्तों के फिर मुरझाए चेहरे

जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा 22 दिनों के निलंबन के बाद बुधवार को फिर से शुरू हुई थी जिसके बाद माता के भक्तों के चेहरे खिल उठे थे। लेकिन बुधवार की शाम घातक भूस्खलन और लगातार भारी बारिश के कारण फिर से स्थगित कर दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि शाम को खराब मौसम के कारण श्राइन बोर्ड ने एक बार फिर यात्रा निलंबित कर दी। दिन में लगभग 2,500 तीर्थयात्रियों को दर्शन की अनुमति दी गई थी। बता दें श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सुबह मौसम अनुकूल रहने पर यात्रा फिर से खोलने की घोषणा की।



# पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ किया

गांधीनगर, 17 सितंबर : प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के धार से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का राष्ट्रव्यापी का शुभारंभ किया और देश के नागरिकों को प्रेरक संबोधन दिया। राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल और स्वास्थ्य मंत्री श्री ऋषिकेश पटेल ने गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर से इस कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण देखा।



राज्यपाल, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री सहित महानुभावों ने 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के शुभारंभ अवसर पर महात्मा मंदिर में आयोजित निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का दौरा किया। उपरोक्त मेगा कैंप में नागरिकों को हृदय रोग, कैंसर, किडनी, टीबी, डायलिसिस, रक्तचार (बीपी), स्त्री रोग, आंख, कान, नाक और गले के रोगों की निःशुल्क जांच के अलावा मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

गुजरात में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं महिला एवं बाल कल्याण विभाग की ओर से 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा उप केंद्रों से लेकर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटलों तक स्त्रियों एवं बच्चों के लिए 14 विभिन्न विषयों से संबंधित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

आज से शुरू हुए राष्ट्रव्यापी अभियान के संदर्भ में गुजरात में लगभग 1,41,037 शिविरों का आयोजन किया गया है, जिनमें उप स्वास्थ्य केंद्र-आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा 1,00,854, प्राथममिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा 20,007, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा 5,590, शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा 9971 और सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा 4615 शिविर शामिल हैं।

इस प्रकार, राज्य में 10,849 स्पेशलिस्ट कैंप और 1,30,188 स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन कर नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद नमो अमृत महा स्वास्थ्य शिविर पहुँच कर दिव्यांगों को साधन सहायता किट का वितरण किया

गांधीनगर, 17 सितंबर :मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'नमो अमृत महा स्वास्थ्य शिविर' पहुँच कर दिव्यांगों को साधन सहायता किट का वितरण किया।

नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के मुख्य उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में विभिन्न प्रकार के मेडिकल हेल्थ चेक-अप तथा उपचार की सुविधाएँ उपलब्ध थीं। इनमें टीबी के लिए निःशुल्क स्क्रीनिंग, टेस्ट व एकीकृत उपचार, टीबी प्रभावित परिवारों के लिए पौष्टिक किट का वितरण, एनीमिया एवं सिकलसेल के लिए स्क्रीनिंग तथा मार्गदर्शन, स्तन एवं गर्भाशय के कैंसर की जाँच, सामान्य स्वास्थ्य जाँच और आवश्यक दवाइयों का वितरण शामिल हैं। इसके अलावा, शिविर में आँख की जाँच तथा निःशुल्क चश्मा वितरण जैसी स्वास्थ्य सुविधाएँ भी दी गईं।




प्रधानमंत्री के 'स्वस्थ भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह शिविर एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर अहमदाबाद की महापौर श्रीमती प्रतिभाबेन जैन, सांसद श्री दिनेश मकवाणा (अहमदाबाद पश्चिम), विधायक श्री अमूल भट्ट (मणिनगर), श्रीमती दर्शनाबेन वाघेला, श्री हसमुख पटेल, अहमदाबाद महानगर पालिका के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# अंजू प्रजापति फिर बनीं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य



लखनऊ। बीईपी, उत्तर प्रदेश की राजनीति और समाजसेवा जगत में सक्रिय चेहरा अंजू प्रजापति को एक बार फिर से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पद की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। मंगलवार देर रात शासन की ओर से जारी सूची में उनका नाम शामिल किया गया, जिसके अनुसार वे एक वर्ष तक इस अहम पद पर कार्य करेंगी।

अंजू प्रजापति ने इस नियुक्ति के लिए भाजपा शीर्ष नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और न्याय की दिशा में वे पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगी।

उनका मानना है कि महिला आयोग महिलाओं की आवाज को न सिर्फ शासन तक पहुँचाने का सबसे मजबूत मंच है, बल्कि समाज में महिलाओं के हक और सम्मान की लड़ाई को आगे बढ़ाने का भी सशक्त जरिया है।

राजनीतिक हलकों में यह नियुक्ति भाजपा की रणनीति और महिलाओं में उसकी पकड़ को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

### दिल्लीवासियों की खुली किस्मत! हर माह मिलेंगे 2500 रु, सीएम रेखा का नया प्लान



दिल्ली में रहने वाले 50,000 वरिष्ठ नागरिकों के लिए खुशखबरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन (17 सितंबर 2025) पर दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने 'वरिष्ठ नागरिक वित्तीय सहायता योजना' का विस्तार किया है। इस योजना के तहत 50,000 नए लाभार्थियों को मासिक पेंशन (60-69 साल के बुजुर्गों को 2,000 रुपये और 70 साल से ऊपर वालों को 2,500 रुपये हर महीने) दी जाएगी।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इसके लिए 149 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, और 'फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व' के आधार पर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। बाद में समीक्षा के बाद संख्या बढ़ाई भी जा सकती है।

# देहरादून में भारी बारिश के बाद बादल फटने से भारी आपदा

### 60 परिवारों पर संकट, एयरलिफ्ट किया गया राशन, पूरा अपडेट

(जीएनएस)।

देहरादून में भारी बारिश के बाद बादल फटने और आपदा आने से कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क कट गया है। सड़क पूरी क्षतिग्रस्त है। जिससे लगभग 60 परिवारों पर संकट आ गया है।

जिला प्रशासन ने आपदा प्रभावित गांवों में हेली सेवा के जरिए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। प्रशासन ने फुलेत, सरखेत छमरौली, सिल्ला, क्यारा और आसपास के गांव में राशन एयरलिफ्ट किया है। जिला प्रशासन ने आपदा प्रभावित 168 लोगों को होटल में शिफ्ट किया है।

देहरादून में आई आपदा के दूसरे दिन भी आज जिला प्रशासन मोर्चे पर डटा रहा। जिला प्रशासन द्वारा राहत शिविर में ठहराए गए लोगों को नजदीकि सुरक्षित स्थानों होटल में शिफ्ट किया जा रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल निरंतर आपदा बचाव कार्यों की मॉनिरिटरिंग कर रहे हैं, विभागों से समन्वय करते हुए जिले में राहत कार्य संचालित करा रहे हैं। जिले में आपदाग्रस्त क्षेत्र मजाड़ कालीगाड में सर्च एवं रेस्क्यू आपरेशन जारी है।

उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी द्वारा नागल हटनाला में प्राइमरी स्कूल में ठहराए गए आपदा प्रभावित लोगों को होटल में शिफ्ट किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रभावितों के लिए सुरक्षित स्थान चिन्हित करते हुए 5 होटल वाईब्स लाईन, आईसबर्ग, हेली रिसोर्ट एण्ड रेस्टोरेंट, होटल हिल व्यू, पर्ल इन अधिग्रहित करते हुए 10 कार्मिकों को भी तैनात किया गया है।



आपदा प्रभावित गांव फुलेत, सरखेत छमरौली, सिल्ला, क्यारा तथा आसपास के गांव में राशन एयरलिफ्ट किया है। उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी की अध्यक्षता में जिला प्रशासन ने प्रभावित गांव जिनका सम्पर्क टूट गया है ऐसे गावों में राशन एयरलिफ्ट किया है। गांव का कट संपर्क कटने से लगभग 60 परिवारों पर संकट आ गया था। जिला प्रशासन देहरादून ने 150 किट जिसमें दाल चावल, आटा, नमक,चीनी बिस्कुट, भूने चने आदि सभी जरूरी सामग्री शामिल है तथा 1 किट का वजन 15 से 20 किलो लगभग है को प्रभावित गावों में एयरलिफ्ट कर पंहुचाया गया है। जिला प्रशासन ने जयाडी तोक में दैवीय आपदा से मलबे में दबे जन एवं पशु की तलाश के लिए जेसीबी मौके पर पहुंचा दिया है। लापता लोगों के लिए भी सर्च अभियान जारी है।

### पीएम मोदी के जन्मदिवस पर चारों धामों में विशेष पूजा

मोदी के जन्मदिवस पर चारों धामों में विशेष पूजा की गई। चार धामों सहित उत्तराखंड के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर पूजा सम्पन्न हुई। बद्रीनाथ धाम में



बीकेटीसी पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर हवन किया गया।

इसी तरह केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों ने महारुद्राभिषेक का आयोजन कर बाबा केदार से प्रार्थना की। इधर, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भी तीर्थ पुरोहितों ने भी प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर उनके लिए विशेष पूजा अर्चना सम्पन्न की। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और तीर्थ यात्रियों ने भाग लिया।

# उद्धव ठाकरे की मां मीनाताई ठाकरे की प्रतिमा पर फेंका गया लाल रंग, शिवसैनिकों में आक्रोश

(जीएनएस)।

महाराष्ट्र की राजनीति में बुधवार, 17 सितंबर को उस समय हड़कंप मच गया जब शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की दिवंगत मां मीनाताई ठाकरे की प्रतिमा पर किसी अज्ञात शख्स ने लाल रंग का पेंट फेंक दिया।



यह घटना मुंबई के दादर स्थित शिवाजी पार्क की है। सुबह करीब 6:15 बजे यह कृत्य किया गया, जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद उद्धव ठाकरे खुद मौके पर पहुंचे और अपनी मां की प्रतिमा के पास श्रद्धांजलि दी। उनके साथ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) यानी सेना के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस दौरान वहां भारी संख्या में शिवसैनिक इकट्ठा हुए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

क्या है पूरा मामला?

बताया जा रहा है कि घटना के समय आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में एक शख्स प्रतिमा पर लाल पेंट फेंकते हुए नजर आया। सुबह लगभग 6:30 बजे प्रतिमा पर पेंट दिखाई दिया जिसके बाद यह खबर फैली और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शिवाजी पार्क पहुंच गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उद्धव गुट के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और तुरंत प्रतिमा की सफाई कर उसे दोबारा सामान्य स्वरूप में लाने की कोशिश की। इस दौरान स्थानीय विधायक महेश सावंत भी मौजूद रहे।

उद्धव गुट का सरकार पर हमला

महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम, जो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट से हैं, ने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

### शिवसेना ने पूरे पृष्ठ के विज्ञापनों और पहलों के साथ पीएम का 75वां जन्मदिन मनाया

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनके नेतृत्व और प्रतिबद्धता की सराहना की। शिंदे की पार्टी, शिवसेना, जो बीजेपी की एक प्रमुख सहयोगी है, ने इस अवसर को मनाने के लिए कई पहल कीं। शिवसेना ने प्रमुख समाचार पत्रों में पूरे पृष्ठ के विज्ञापन प्रकाशित किए, जिसमें प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दी गईं।




शिवसेना मंत्रियों के नेतृत्व में विभिन्न सरकारी विभागों ने मोदी के जन्मदिन का सम्मान करने के लिए परियोजनाएं शुरू कीं। शिंदे के नेतृत्व वाले शहरी विकास विभाग ने नमो पार्कों के निर्माण के लिए नगरपालिका और शहर परिषदों को 1 करोड़ रुपये आवंटित करने की एक योजना की घोषणा की।

# मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर मातृगया तीर्थ सिद्धपुर में निर्मित 'मातृश्री हीराबा सरोवर' का लोकार्पण किया

### मातृश्री हीराबा सरोवर राष्ट्र सेवा को समर्पित प्रधानमंत्री का संस्कार सिंचन और जीवन निर्माण करने वाली माता हीराबा का उनके पुत्र के जन्मदिन पर श्रेष्ठ भावस्मरण है : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल

गांधीनगर, 17 सितंबर : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को विकास पुरुष और यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर मातृगया तीर्थ सिद्धपुर में निर्मित मातृश्री हीराबा सरोवर का लोकार्पण किया।

राज्य सरकार के नर्मदा, जल संसाधन, जलापूर्ति और कल्पसर विभाग ने लोकमाता सरस्वती के नवसर्जन प्रयास के अंतर्गत इस मातृश्री हीराबा सरोवर का निर्माण किया गया है। राज्य सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उस विजन को आगे बढ़ा रही है, जिसके अंतर्गत उन्होंने जनशक्ति को जलशक्ति के साथ जोड़कर जल संचयन, जल सिंचन और सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक पानी पहुंचाकर जन सुरक्षा सुनिश्चित करने की पहल की थी। तदनुसार, राज्य सरकार और धोळकिया फाउंडेशन के फुलीबा ट्रस्ट के सहयोग से सरस्वती नदी के पुनर्जीवन के लिए शुरू किए गए इस सफल कार्य के परिणामस्वरूप माधुपावड़िया चेकडैम के निचले इलाकों का कटाव रूकेगा।




इतना ही नहीं, 450 लाख घनफुट से अधिक पानी का संग्रहण होने के कारण आसपास के 150 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई का प्रत्यक्ष या परोक्ष भी मिलेगा। इसके अलावा, निकट स्थित 20 से अधिक रिचार्ज वेल का भूमिगत जल भी ऊंचा उठेगा।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने सिद्धपुर के जनप्रतिनिधि और उद्योग मंत्री श्री बलवंतसिंह राजपूत तथा जल आपूर्ति एवं जल संसाधन मंत्री श्री कुंवरजीभाई बावळिया की प्रेरक उपस्थिति में मातृश्री हीराबा सरोवर का लोकार्पण किया।

उन्होंने राष्ट्रसेवा और दरिद्रनारायण के उत्थान के लिए सदैव समर्पित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संस्कार सिंचन करने वाली उनकी माता हीराबा का नाम इस सरोवर के साथ जोड़ने के अवसर को पुत्र के जन्मदिन पर एक माता का श्रेष्ठ भाव स्मरण बताया।




# सम्पादकीय

## नेपाल, फ्रांस के बाद अब लंदन में आंदोलन

लंदन पिछले एक पखवाड़े से कई देशों में जनता सड़कों पर उतरी हुई है। उससे हमने नेपाल में देखा फिर फ्रांस में देखा और अब लंदन में देखा कि किस तरह वहां की जनता अपनी मांगों को लेकर जन-आंदोलन कर रही है। हर देश में हालांकि आंदोलन के मुद्दे अलग-अलग हैं। नेपाल में जहां व्यवस्था परिवर्तन मुद्दा था वहीं फ्रांस में सरकारी नीतियों का विरोध प्रदर्शन था और लंदन में अवैध प्रवासियों के खिलाफ जन आव्रोश देखने को मिला। ब्रिटेन में भी अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकालने की मांग तेज हो गई है। सेंट्रल लंदन में शनिवार को 1 लाख से ज्यादा लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रोटेस्ट को युनाइटेड द किंगडम नाम दिया गया, जिसे एंटी-टू इमिग्रेशन नेता टॉमी रॉबिन्सन ने लीड किया। इसे ब्रिटेन की सबसे बड़ी दक्षिण पंथी रैली माना जा रहा है। इन विरोध प्रदर्शन के दौरान हुईं हिसा में 26 पुलिसकमा घायल हुए हैं। रैली में तनाव उस वक्त बढ़ गया जब प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर बोतलें और दूसरी चीजें पेंकी। मेट्रोपोलिटन पुलिस के अनुसार 4 पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आईं। इस दौरान टेस्ला के मालिक अरबपति एलन मस्क ने वीडियो लिक के जरिए व्हाइट हाल में मौजूद प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। वहीं पास में इस रैली के विरोध में स्टैंडअप टू रेसिज्म (नस्लवाद का विरोध करें) द्वारा आयोजित एक और विरोध प्रदर्शन हो रहा था जिसमें करीब 5 हजार लोग शिरकत कर रहे थे। शरणार्थियों को जिन होटलों में जगह दी जाती है उनके सामने भी 'यूनाइट द किगंडम' की तरफ से बीते दिनों विरोध प्रदर्शन हुए हैं। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने कहा कि एक तो ब्रिटेन कमजोर आर्थिक स्थिति से गुजर रहा है, दूसरी बात यह है कि देश विनाश की ओर बढ़ रहा है। मस्क ने भीड़ से कहा कि हिसा आ रही है और या तो आप लड़ेंगे या मरेंगे। मस्क ने कहा कि अगर यह जारी रहा तो हिसा आपके पास आएगी। आपके पास कईं विकल्प नहीं होगा। आप यहां एक बुनियादी स्थिति में हैं। आप हिसा चुनें या न चुनें, हिसा आपके पास आ रही है या तो आप जवाबी कार्रवाईं करेंगे या मर जाएंगे। मुझे सचमुच लगता है कि ब्रिटेन में सरकार बदलनी होगी। चुनाव के लिए अभी चार साल हैं। लेकिन वुछ तो करना ही होगा। संसद को भंग करके नए सिरे से चुनाव कराना होगा। प्रदर्शनकारी ब्रिटेन में अवैध अप्रवासन के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। इनकी मांग है कि अवैध अप्रवासियों को देश से बाहर किया जाए। इस साल 28 हजार से ज्यादा प्रवासी इंग्लिश चैनल के रास्ते नावों में ब्रिटेन पहुंचे हैं। प्रदर्शन में शामिल लोग अवैध अप्रवासियों को शरण देने के खिलाफ हैं। हाल ही में एक इथियोपियाई अप्रवासी ने 14 साल की लड़की का यौन उत्पीड़न किया था, जिसने लोगों के गुस्से को और बढ़ावा दिया है।

सरकार और पुलिस पर आरोप है कि वे अवैध आव्रजन पर नकेल कसने में असफल रहे हैं। इस प्रदर्शन की वजह से इमिग्रेशन नियमों को लेकर राजनीतिक चर्चा फिर से तेज हो गई है। सरकार पर अवैध आव्रजन को रोकने के लिए कठोर पैसले लेने का दबाव है। इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं टॉमी रॉबिन्सन। रॉबिन्सन का असली नाम स्टीफन याक्सली-लेनन है। वह खुद को सरकारी भ्रष्टाचार को उजागर करने वाला पत्रकार बताते हैं। हालांकि उन पर कईं आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने दावा किया कि ब्रिटेन की अदालतों ने बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों के अधिकारों को स्थानीय समुदाय के अधिकारों से ऊपर जगह दी है। कोर्ट ऑफ अपील ने पिछले महीने एस्सेक्स के एपिग में बेल होटल में शरणार्थियों को ठहराने पर रोक जो लगी थी उसे हटा दी थी। शाम के साढ़े छह बजे रॉबिन्सन ने अपने कार्यंव्रम को खत्म किया। साथ ही उन्होंने इसी तरह के अगले कार्यंव्रम का वादा भी किया। 42 साल के रॉबिन्सन को इसी साल जेल से रिहा किया गया था। अक्टूबर में उन्हें एक सीरियाईं शरणाथा के बारे में झूठे दावे करने से रोकने के आदेश की अवमानना करने के लिए तब जेल हुईं जब उस शरणाथा ने उनके खिलाफ मानहानि का केस जीत लिया था। उधर ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टारगर ने कहा है कि लोगों को शांतिपूर्ण विरोध करने का अधिकार हैं, लेकिन पुलिस पर हमले निदनीय है। हम ब्रिटेन को उन लोगों के हाथों में कभी नहीं सौंपेंगे जो इसे हिसा, भय और विभाजन के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल करते हैं।

# श्रमवीर समाज की रीढ़ हैं, उनके योगदान से ही विकसित छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार : मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

(जीएनएस)।

विश्वकर्मा जयंती के दौरान, मुख्यमंत्री विष्णु देव साई ने छत्तीसगढ़ के विकास में मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया और विभिन्न श्रमिक योजनाओं के लिए बढ़ी हुई वित्तीय सहायता की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित श्रमिक महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माण और विकास में श्रमवीरों की भूमिका अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि श्रमवीर समाज की रीढ़ हैं और उनके योगदान से ही विकसित छत्तीसगढ़ तथा विकसित भारत का सपना साकार होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रमिकों के परिश्रम और योगदान की सराहना करते हुए कहा कि श्रमवीरों के उत्साह और भागीदारी से प्रदेशवासियों के सपने पूरे होंगे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएँ दीं और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशभर के मेहनतकश श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया। उन्होंने घोषणा की कि दीदी ई-रिक्शा योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये की जाएगी। इसी प्रकार मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना के अंतर्गत श्रमिकों को मकान निर्माण के लिए दी जाने वाली सहायता राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये की जाएगी। साथ ही, पंजीकृत श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज का संपूर्ण खर्च अब श्रम विभाग द्वारा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और बीते 11 वर्षों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जनहितैषी कार्यों से प्रदेश के विकास को नई गति दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर हम सभी श्रमवीरों के परिश्रम को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है—चाहे वह स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा हो या आवास और औजारों की



सुविधा, सरकार हर कदम पर श्रमिकों के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि आज 1 लाख 84 हजार 220 श्रमिकों के खातों में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं—दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, निर्माण श्रमिक मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि के अंतर्गत 65 करोड़ 16 लाख 61 हजार रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता हमारी सरकार की पहचान है। किसानों और श्रमिकों का पैसा सीधे उनके खातों में पहुँच रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए ई-श्रम पोर्टल से श्रमिकों को बड़ी राहत मिली है। अब अपंजीकृत श्रमिक की कार्यस्थल पर मृत्यु होने पर भी एक लाख रुपये की सहायता राशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'श्रमेव जयते' वेबसाइट और हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए "अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना" और श्रमिकों के बच्चों के लिए आईआईटी, जेईई, नीट एवं सीए जैसी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए 'ट्राइबल हॉस्टल' की सीटें 50 से बढ़ाकर 185 कर दी गई हैं।

इस अवसर पर श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि श्रमिकों की देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज श्रमिक महासम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश के 1.84 लाख श्रमिकों के खातों में 65.16 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की ओर अग्रसर है और राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी को पूरी निष्ठा से पूरा कर रही है। श्रम विभाग के तीन मंडलों के माध्यम से 72 योजनाएँ संचालित हो रही हैं, जिनका लाभ लगातार श्रमिक भाई-बहनों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री श्री साय ने अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना में चयनित बच्चों से भेंट की थी और घोषणा की थी कि अगले शैक्षणिक सत्र से इस योजना में सीटें 100 से बढ़ाकर 200 कर दी जाएँगी।

समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति

समारोह में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण सर्वश्री राजेश मुणत, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. राम प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री योगेश दत्त चौबे, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति आयोग के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत छाबड़ा, जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, श्रम विभाग के सचिव श्री हिम शिखर गुप्ता, संयुक्त सचिव श्रीमती फरिहा आलम, आदि उपस्थित रहे।

# 'आपकी उम्र हो गई है', पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर आरएसएस प्रमुख का ये बयान क्यों चर्चा में आया?

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर 2025 (बुधवार) को अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर देश-विदेश के नेता और मशहूर हस्तियां शुभकामानाएं दे रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी जोर-शोर से कार्यक्रम कर रही है। प्रधानमंत्री के 75वें जश्न के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का एक बयान फिर चर्चा में हैं।

ध्यान रहे, पीएम मोदी के बर्थडे के चंद दिन पहले ही संघ प्रमुख मोहन ने अपना 75वां जन्मदिन मनाया और डॉ. भागवत ने 75 वर्ष की आयु और सेवानिवृत्ति को लेकर बयान दिया था जिस पर देशभर में काफी चर्चा हुई। इस बयान को प्रधानमंत्री मोदी की संभावित सेवानिवृत्ति से भी जोड़ा जा रहा है।

दरअसल, नागपुर में श्री श्री रविशंकर द्वारा आयोजित एक सत्संग में डॉ. भागवत का अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में शॉल और उपहार देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने 75 वर्ष की आयु पूर्ण होने के महत्व पर एक और अहम बयान दिया।

जब पचहत्तर की शॉल अंग पर पड़ती है, तो...

आरएसएस प्रचारक मोरोपंत पिंगले के जीवन पर आधारित एक पुस्तक के विमोचन के दौरान, डॉ. भागवत ने कहा था कि "जब पचहत्तर की शॉल अंग पर पड़ती है, तो वह रुकने का समय होता है।" इस टिप्पणी ने काफी ध्यान आकर्षित किया था।

आपकी उम्र हो गई है...

भागवत ने पिंगले के एक संवाद का हवाला देते हुए बताया, "मोरोपंत पिंगले ने एक बार कहा था कि जब पचहत्तर की शॉल अंग पर पड़ती है, तो इसका मतलब है कि अब रुक जाना चाहिए, आपकी उम्र हो गई है; एक तरफ हटिए और हमें काम करने दीजिए।" इस बात को प्रधानमंत्री मोदी की सेवानिवृत्ति से जोड़ा गया। दावा किया गया कि भागवत ने इशारे-इशारे में पीएम मोदी को रिटायर होने की सलाह दे डाली थी। वहीं आज फिर ये बयान चर्चा में है।



कार्यक्रम में भी दिया ये बयान

11 सितंबर को नागपुर में श्री श्री रविशंकर द्वारा डॉ. मोहन भागवत के अमृत महोत्सव वर्ष का जश्न मनाया गया। इस दौरान उन्होंने कहा, "अमृत महोत्सव मनाने के लिए मैं आभारी हूं। लेकिन संघ में किसी व्यक्ति का जन्मदिन मनाना महत्वपूर्ण नहीं होता। मैंने कुछ भी न किया होता, तब भी मेरे पचहत्तर साल पूरे हो जाते, बशर्ते बीच में मृत्यु न आई हो। इसके लिए कुछ खास करने की जरूरत नहीं पड़ती। मेरे विचार से 75 साल जीना महत्वपूर्ण नहीं है। हमने कैसा जीवन जिया, यह अधिक मायने रखता है। यदि हमारा जीवन भगवान शंकर जैसा हो, तो वह सबसे बड़ा आनंद है।"

रिटायरमेंट को लेकर भाजपा में क्या है नियम?

गौतरलब है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में 75 वर्ष से अधिक आयु के नेताओं के लिए सेवानिवृत्ति का कोई औपचारिक नियम नहीं है। हालांकि, कुछ वरिष्ठ नेताओं को अनौपचारिक रूप से इस आयु सीमा के कारण सक्रिय राजनीति या चुनावी जिम्मेदारियों से दूर रहना पड़ा है।

ऐसे कई उदाहरण हैं जहां इस कथित "75 वर्ष की सेवानिवृत्ति" नीति का पालन किया गया है। इन नेताओं को अक्सर सक्रिय चुनावी भूमिकाओं से हटाकर पार्टी के भीतर अन्य पद दिए गए हैं।

भाजपा के तीन दिग्गज नेता जिन्हें उम्र के चलते रिटायर किया गया?

वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी इसका एक प्रमुख उदाहरण हैं। उन्हें "मार्गदर्शक मंडल" में शामिल किया गया, जिसके बाद उन्हें चुनाव लड़ने या सक्रिय चुनावी भूमिकाओं में भाग लेने से रोक दिया गया।

मुरली मनोहर जोशी को भी 75 वर्ष की आयु पार करने के बाद चुनाव लड़ने से मना कर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप उनकी सक्रिय चुनावी राजनीति में भागीदारी काफी कम हो गई।

कैलाश मिश्रा, बी.सी. खंडूरी और करिया मुंडा जैसे अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम भी इस सूची में शामिल हैं। इन नेताओं को भी 75 वर्ष से अधिक आयु होने के कारण चुनावी टिकट नहीं मिले या उन्हें चुनावी जिम्मेदारियों से हटना पड़ा।

# मुस्लिमों के भी 'फेवरेट पीएम मोदी', बोहरा मस्जिद में 'लॉन्ग लाइफ' की दुआ! स्ट्रांग बॉन्ड का क्या राज?

(जीएनएस)।

भारत के सुपर डैशिंग से ग्लोबल लीडर बने नरेंद्र मोदी आज 75 साल के हो गए। 13 साल गुजरात के उट, 11 साल से ढट, और तीसरे टर्म में भी फुल फायरब्रांड – लेकिन PM का जादू सिर्फ हिंदुस्तान तक नहीं, श्रीलंका तक भी पहुंचा है।

कोलंबो की दाऊदी बोहरा समुदाय की सबसे बड़ी हुसैनी मस्जिद में सैकड़ों नामाजियों ने PM के लिए खास दुआ की – 'लंबी उम्र, सेहत, और भारत की सेवा में सक्सेस।' Waqf Act से लेकर सोशल वेलफेयर तक, ढट का बोहरा कनेक्शन आइए, जानते हैं...

कोलंबो की हुसैनी मस्जिदः पीएम के 75वें बर्थडे पर 'दुआओं का मेला'!

श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के बम्बलापिटिया में ग्लेनेबर प्लेस की हुसैनी मस्जिद – दाऊदी बोहरा समुदाय का गढ़ – आज PM मोदी के लिए प्रार्थना का हॉटस्पॉट बनी। सैकड़ों बोहरा भाई ने एकजुट होकर दुआ मांगी– 'PM को लंबी जिंदगी, तंदुरुस्ती, और भारत को नई ऊंचाइयां देने की ताकत मिले।' ये मस्जिद हमेशा ढट के साथ खास बॉन्ड सेलिब्रेट करती रही।





अप्रैल 2025 में बोहरा डेलिगेशन ने दिल्ली के लोक कल्याण मार्ग पर ढट से मुलाकात की, और Waqf AmeQdment Act 2024 के लिए थैंक्स कहा। PM ने बोहरा समुदाय की कम्युनिटी सर्विस – शिक्षा, हेल्थकेयर, और चैरिटी – की तारीफ की।

दाऊदी बोहरा समुदाय – 10 लाख से ज्यादा मेंबर, 40+ देशों में फैला – भारत में सबसे ज्यादा, खासकर गुजरात में। पाकिस्तान, यमन, ईस्ट अफ्रीका, मिडिल ईस्ट, यूरोप, नॉर्थ अमेरिका, साउथ ईस्ट एशिया, और ऑस्ट्रेलिया में भी पॉपुलेशन बढ़ रही। ये समुदाय धर्म, बिजनेस, और सोशल वेलफेयर (स्कूल, हॉस्पिटल, चैरिटी) के लिए मशहूर है। PM का बोहरा से पुराना रिश्ता – गुजरात CM रहते हुए कई बार मिले। अप्रैल 2025 में बोहरा लीडर्स ने PM को थैंक्स दिया, जिसमें बोहरा और आगाखानी समुदायों को अलग वक्फ बोर्ड की मांग पर ध्यान दिया गया।

बोहरा और आगाखानी मुस्लिमों को उनके फंक्शनल वक्फ बोर्ड में रिप्रेजेंटेशन देने का प्रावधान है। पहले बोहरा समुदाय ने वक्फ कानूनों का विरोध किया था, अलग बोर्ड की मांग की थी। नए एक्ट को कुछ ने 'पारदर्शिता' बताया, तो कुछ शिया ग्रुप्स ने इसे 'वक्फ बोर्ड से बाहर करने' की साजिश कहा। बोहरा लीडर्स ने ढट से मिलकर कहा, 'आपने हमारी प्रॉपर्टी की रक्षा की' ये एक्ट PM के 'सबका विश्वास' को मजबूत करता है, लेकिन डिबेट्स जारी। पीएम ने 75वां बर्थडे मध्य प्रदेश के धर में सेलिब्रेट किया – दोपहर 12 बजे 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' और '8वां राष्ट्रीय पोषण माह' लॉन्च किया। 'PM मित्र पार्क' का उद्घाटन करते हुए रैली में बोले, 'पाकिस्तान के जैश आतंकियों ने कबूल लिया – बहावलपुर टेरर का हब है। दुनिया ने देखा, पाक का असली चेहरा।'

# आरोपी गगनप्रीत कौर की मुश्किलें बढ़ीं, कोर्ट ने 27 सितंबर तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

(जीएनएस)।

दिल्ली के बहुचर्चित बीएमडब्ल्यू हादसे में गिरफ्तार आरोपी गगनप्रीत कौर (38) की कानूनी परेशानी और बढ़ गई है। बुधवार को पटियाला हाउस कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने उसकी न्यायिक हिरासत को 27 सितंबर तक के लिए बढ़ा दिया।

इसके साथ ही कोर्ट ने गगनप्रीत की उस अर्जी पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है, जिसमें उसने हादसे वाली जगह की सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित करने की मांग की है। वहीं, उसकी जमानत याचिका पर 20 सितंबर को सुनवाई होगी।

गगनप्रीत की ओर से रखी गई दलीलें

आरोपी की ओर से पेश हुए वकील रमेश गुप्ता ने कहा कि पुलिस ने जानबूझकर इस मामले को गंभीर बना दिया है। पुलिस ने केस को गैर-इरादतन हत्या (धारा 304) में बदल दिया है, जिसकी सजा उम्रकैद तक है। जबकि यह मामला केवल धारा 304अ (लापरवाही से हुई मौत) का बनता है।

गुप्ता ने दावा किया कि हादसे के वक्त मृतक की बाइक डीटीसी बस से



भी टकराई थी, इसलिए उसके ड्राइवर को भी आरोपी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद वहां से गुजर रही एक एंबुलेंस ने पीड़ितों को अस्पताल ले जाने से इनकार कर दिया। उसके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।

गगनप्रीत के वकील ने यह भी कहा कि इस हादसे में खुद आरोपी का पति और बच्चा घायल हुए थे, बावजूद इसके उसने सबसे पहले पीड़ित दंपति को अस्पताल पहुंचाया। गुप्ता ने तर्क दिया कि यह एक दुखद लेकिन सामान्य सड़क हादसा है, जिसे पुलिस अनावश्यक रूप से बड़ा बना रही है।

पुलिस का पलटवारः "गगनप्रीत ने नजदीकी अस्पताल क्यों नहीं ले जाया?"

दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में गगनप्रीत की दलीलों का कड़ा विरोध किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी उतनी गंभीर रूप से घायल नहीं थी, जितना दावा किया जा रहा है। गगनप्रीत ने घायल नवजोत सिंह को पास के अस्पताल में न ले जाकर काफी दूर के अस्पताल में भर्ती कराया। नियम है कि दुर्घटना पीड़ित को सबसे नजदीकी अस्पताल ले जाया जाए। पुलिस ने बताया कि हादसे के समय वैन चालक और मृतक की पत्नी संदीप कौर दोनों बार-बार नजदीकी अस्पताल ले जाने की बात कह रहे थे, लेकिन गगनप्रीत नहीं मानी। पीड़ित परिवार के वकील ने कोर्ट में सवाल उठाया कि घटनास्थल के सामने ही आर्मी हॉस्पिटल था, लेकिन आरोपी नवजोत को वहां क्यों नहीं ले गई? परिवार का आरोप है कि आरोपी ने जानबूझकर दूर अस्पताल ले जाकर कीमती वक्त बर्बाद किया, जिससे नवजोत सिंह की मौत हो गई।

कोर्ट ने क्या कहा?

कोर्ट ने सभी दलीलें सुनने के बाद कहा कि सीसीटीवी फुटेज संरक्षित करने की अर्जी पर गुरुवार को सुनवाई होगी। वहीं, गगनप्रीत की जमानत याचिका पर पुलिस और अभियोजन पक्ष के जवाब आने के बाद शनिवार को निर्णय सुनाया जाएगा।

गगनप्रीत कौर को दिल्ली पुलिस ने 15 सितंबर को गिरफ्तार किया था। उस पर गैर-इरादतन हत्या सहित भारतीय न्याय संहिता की धारा 304, धारा 281, 125इ, 105 और 238 के तहत केस दर्ज है। इस हादसे में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में डिप्टी सेक्रेटरी नवजोत सिंह (52) की मौत हो गई थी, जबकि उनकी पत्नी संदीप कौर गंभीर रूप से घायल हैं।

# क्या काजल राघवानी ने खेसारी लाल यादव को दिया धोखा? शादीशुदा एक्टर के प्यार में पड़ी एक्ट्रेस का शॉकिंग खुलासा

(जीएनएस)।

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने हमेशा अपनी एक्टिंग और ग्लैमरस अंदाज से लोगों का दिल जीता है। लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ भी मीडिया की सुर्खियों में रही है।

काजल राघवानी के साथ जुड़ा था खेसारी लाल यादव का नाम

एक समय पर काजल राघवानी का नाम भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के साथ जुड़ा था। खेसारी लाल यादव, जो खुद एक फेमस भोजपुरी गायक और अभिनेता हैं, अपनी हिट फिल्मों और गानों के लिए जाने जाते हैं।

शादीशुदा खेसारी लाल यादव से प्यार करती थीं काजल

आपको बता दें कि काजल राघवानी और खेसारी लाल यादव के अफेयर की खबरों ने एक समय पर खूब तूल पकड़ा था। दरअसल खेसारी लाल यादव पहले से ही शादीशुदा हैं और दो बच्चों के पिता भी हैं। ऐसे में उनके अफेयर की खबरों ने लोगों को हैरान कर दिया था।



क्या काजल राघवानी ने खेसारी लाल यादव को धोखा दिया था?

-इसके बाद काजल राघवानी और खेसारी लाल यादव का ब्रेकअप हुआ, लेकिन उसके बाद आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला भी शुरू हो गया। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि काजल ने खेसारी लाल यादव को धोखा दिया था। इस विवादित घटनाक्रम पर काजल ने अब अपना पक्ष रखते हुए सच्चाई सामने रखी है।

-एबीपी बिहार से बात करते हुए काजल राघवानी ने कहा है- जिसको भी ये लगता है कि खेसारी लाल यादव को मैंने धोखा दिया है वो बिल्कुल गलत है। मुझे सवाल करना है कि क्या खेसारी लाल यादव मुझसे शादी करने वाले थे? अगर ऐसा होता तो मैं धोखा कैसे दे सकती थी?

-काजल राघवानी ने आगे कहा- इसके बाद मुझे ट्रोल करना शुरू कर दिया गया। गाली-गलौज होने लगी। मैं बिहार से नहीं हूं, बल्कि गुजराती हूं। मैंने संघर्ष के साथ मेहनत किया है।

काजल राघवानी ने अपने रिश्ते को लेकर किया चोंकाने वाला खुलासा

-काजल राघवानी ने आगे खुलासा किया कि पूरे घटनाक्रम के दौरान उन्होंने काफी डर महसूस किया था। उन्होंने कहा- ये सब तीन-चार साल पुरानी बातें हैं। उस वक्त मुझे धमकाया गया था। मुझे समझना पड़ा था कि करियर भी तो बनाना है, फैमिली का जिम्मा भी संभालना है।

-काजल ने कहा- इसलिए उस समय मैं दब गई। डर के मारे चुप रही, क्योंकि मेरे पास कोई सपोर्टर नहीं था। मैं अकेले ही अपने लिए संघर्ष कर रही थी।

# पाकिस्तान ने यूएई पर 41 रन से जीत दर्ज की, एशिया कप में भारत से मुकाबला तय

(जीएनएस)।

पाकिस्तान ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर 41 रन से जीत हासिल की, जिससे एशिया कप में भारत के खिलाफ सुपर 4२ का मुकाबला तय हो गया। मैच को पाकिस्तान द्वारा भारत के साथ पिछली घटना के बाद संभावित वापसी के कारण एक घंटे के लिए विलंबित किया गया था। हालाँकि, सलमान आगा की टीम ने अंततः भाग लिया।

पाकिस्तान ने यूएई को हराया, अब भारत से होगा मुकाबला

शाहीन शाह अफरीदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, 14 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाए, जिससे पाकिस्तान को 9 विकेट पर 146 रन बनाने में मदद मिली। संयुक्त अरब अमीरात (वअए) जैसे सहयोगी राष्ट्रों के लिए, टेस्ट-खेलने वाले देशों के खिलाफ 130 से ऊपर के स्कोर का पीछा करना चुनौतीपूर्ण है क्योंकि गेंदबाजी की गुणवत्ता बेहतर होती है। यूएई 17.4 ओवर में केवल 105 रन ही बना सका।

यूएई की बल्लेबाजी में संघर्ष

अफरीदी के 2/16 के गेंदबाजी आंकड़े यूएई के अलीशान शराफू के लिए मुश्किल साबित हुए, जिन्होंने 12 रन बनाए और फिर बोल्ड हो गए। यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम 14 रन बनाकर आउट हो गए, जब वह अबरार अहमद की वाइड लेग-ब्रेक को खेलने का प्रयास कर रहे थे, जिन्होंने अपने चार ओवरों में 2/13 विकेट लिए। सईम अय्यूब ने भी चार ओवर में 1/18 के आंकड़े के साथ योगदान दिया, मोहम्मद जोहेब को एक नीची गेंद पर आउट किया।




यूएई के गेंदबाजी प्रयास

मैच के अधिकांश समय में प्रभावशाली गेंदबाजी प्रदर्शन के बावजूद, यूएई कभी भी दौड़ में नहीं दिखा। जुनैद सिद्दीकी और सिमरनजीत सिंह असाधारण थे, सिमरनजीत ने 3/26 और जुनैद ने 4/18 विकेट लिए। उनके प्रयासों ने पाकिस्तान को सीमित कर दिया जो शुरू में एक मामूली कुल स्कोर लग रहा था।

पाकिस्तान की शीर्ष क्रम की चुनौतियाँ

पाकिस्तान का शीर्ष क्रम फिर से संघर्ष करता रहा, फखर जमान को छोड़कर, जिन्होंने 36 गेंदों में 50 रन बनाए। मोहम्मद हारिस ने 18 रन का योगदान दिया, जबकि अफरीदी के देर से उछाल ने पाकिस्तान को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचने में मदद की। जुनैद ने सईम अय्यूब को लगातार दूसरी बार शून्य पर आउट किया, और साहिबजादा फरहान पांच रन बनाकर आउट हो गए।

मध्य ओवर और देर से उछाल

मध्य ओवरों के दौरान, सिमरनजीत की डिलीवरी ने गेंद को पकड़ा और उछाल दिया, जिससे बल्लेबाजों के लिए मुश्किल हो गई। फखर जमान ऐसी ही एक गेंद के खिलाफ ड्राइव को रोकने की कोशिश में गिर गए। मोहम्मद नवाज सिमरनजीत की एक आर्म बॉल पर आउट हो गए, जिन्होंने एक सिग्नेचर थाई स्लैप के साथ जश्न मनाया।

शाहीन अफरीदी की देर से पारी में हिटिंग ने पाकिस्तान को 150 के करीब पहुंचा दिया, जो अंततः यूएई के लिए बहुत अधिक साबित हुआ। इस जीत ने एशिया कप के सुपर 4२ चरण में भारत के खिलाफ एक बहुप्रतीक्षित मुकाबले की स्थापना की है।

RNI No. GUJGUJ/2011/39228 Published & Owned by AJAYKUMAR RAMANLAL PRAJAPATI and Printed By (1) JIGNESH RASHIKBHAI GAJJAR at Vansh Corporation, A/8, Shayona Golden Estate, Shahibag, Ahmedabad - 380 004, Ahmedabad,Gujarat-380 004. (2) DESAI RAHUL MAHESHBHAI at Bhavani Offset,Bhatiya Ni Wadi, Opp Railway Station, Kalupur, Ahmedabad,-380002,Ahmedabad,Gujarat-380 002 (3) HARDIK MAHESHBHAI DESAI at Bhoomi Offset,Bhatiya Ni Wadi, Opp Railway Station, Kalupur, Ahmedabad,-380002,Ahmedabad,Gujarat-380 002. and Published from TF-01, Nanakram Super Market, Ramnagar, Sabarmati, Ahmedabad - 380 005. Editor : MANOJKUMAR CHAMPKLAL SHAH

# 'स्वच्छता ही सेवा - 2025' अभियान के अंतर्गत वडोदरा मंडल में शपथ ग्रहण एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन




पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक 'स्वच्छता ही सेवा झ 2025' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा सामूहिक भागीदारी से स्वच्छ भारत निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

आज, 17 सितम्बर 2025 को मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भडके के नेतृत्व में मंडल कार्यालय परिसर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री नीरज धमीजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और स्वच्छता की शपथ ली।

इसी क्रम में भरूच, अंकलेश्वर, आणंद, नडियाद, गोधरा, एकतानगर स्टेशन, लोको शेड, वर्कशॉप तथा मंडल रेलवे अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों पर भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में लगभग 3900 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करने हेतु कर्मचारियों और यात्रियों को सम्मिलित कर जागरूकता कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इसके साथ ही, शाखा अधिकारियों के नेतृत्व में रेलवे कर्मचारियों ने विभिन्न स्थानों पर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

स्वयंसेवी प्रयास के तहत रेलवे अधिकारियों के साथ नगर निगम के पार्षद, उप नगर आयुक्त, वार्ड अधिकारी, नगर स्वास्थ्य निरीक्षक तथा अन्य कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी की। इसके अतिरिक्त, सफाई मित्रों के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें लगभग 50 सफाई मित्रों ने भाग लेकर अपने विचार और अनुभव साझा किए।

वडोदरा मंडल आम नागरिकों से अपील करता है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी कर स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करें और स्वच्छ भारत के निर्माण में सहयोग दें। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान समाज और शासन दोनों के संयुक्त प्रयास का उदाहरण है, साकार करता है।

# पश्चिम रेलवे द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का उत्साहपूर्वक शुभारम्भ

मुंबई,

'स्वच्छता ही सेवा' (रत्नर) 2025 पूरे देश में 17 सितम्बर से प्रारंभ हुआ, जो 2 अक्टूबर, 2025 को गांधी जयंती के अवसर पर समाप्त होगा। इस वर्ष के अभियान का थीम 'स्वच्छोत्सव' रखा गया है। इस अभियान में कार्यस्थलों, आवासीय क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई, सफाई मित्रों का स्वास्थ्य और सुरक्षा, पर्यावरण मित्र एवं शून्य अपशिष्ट कार्यक्रम और स्वच्छता के प्रति व्यापक जन जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पश्चिम रेलवे मुख्यालय में अपर महाप्रबंधक श्री प्रदीप कुमार द्वारा रेल अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर अभियान की औपचारिक शुरूआत की गई।



पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री प्रदीप कुमार रेल अधिकारियों और कर्मचारियों को चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में स्वच्छता शपथ दिलाते हुए।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह अभियान पश्चिम रेलवे पर 17 सितम्बर, 2025 को बड़े उत्साह और जोश के साथ प्रारंभ हुआ। कई स्थानों पर स्वच्छता शपथ समारोह आयोजित किए गए, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों और स्टेशनों पर आयोजित की गईं। कई स्थानों पर श्रमदान किया गया, जिसमें रेल अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कई स्थानों पर जन जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, एनजीओ और सीएसओ के सहयोग से स्वतंत्र कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता संदेश समाज तक पहुँचाया गया।

पश्चिम रेलवे आम जनता से अपील करती है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर स्वच्छता को एक जन आंदोलन में बदलने और स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान दें। यह वार्षिक अभियान स्वैच्छिक और सामूहिक भागीदारी को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है, जो 'Whole of Society' AüSX 'Whole of Government' दृष्टिकोण को मूर्त रूप देता है।

# 17 सितम्बर, 2025 को भावनगर रेलवे मंडल पर हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

भावनगर मंडल कार्यालय में राजभाषा माह 2025 एवं विभिन्न महत्वपूर्ण स्टेशनों पर राजभाषा पखवाड़ा मनाए जाने के अंतर्गत दिनांक 17 सितम्बर, 2025 को हिंदी



दिवस समारोह का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक श्री दिनेश वर्मा जी की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यालय अधीक्षक श्री निरज व्यास द्वारा प्रस्तुत एक सुंदर हिंदी गीत से हुआ। तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से प्राप्त राजभाषा प्रतिज्ञा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दिलवाई गई। इसी अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक महोदय के करकमलों से हिंदी दिवस संदेश का विमोचन भी किया गया।

अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक श्री वर्मा ने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक धरोहर और पहचान का प्रतीक है। यह हमें न केवल हमारी समृद्ध विरासत की याद दिलाती है, बल्कि कार्यालयीन कार्यों में अधिक से अधिक हिंदी के प्रयोग हेतु प्रेरित भी करती है। आपने सभी कर्मचारियों से हिंदी में कार्य करने और हिंदी के माध्यम से यात्रियों तक सेवाओं को अधिक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का आ'ान किया।

इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक महोदय द्वारा जारी संदेश का वाचन अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री हिमाँशु शर्मा जी ने किया।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अनुवादक श्री परेश बी. मजीठिया द्वारा किया गया तथा अंत में राजभाषा अधिकारी एवं मंडल बिजली इंजीनियर (कर्षण) श्री रामप्रीत मौर्य ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# भावनगर रेलवे मंडल पर 17 सितम्बर से अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है 'स्वच्छता पखवाड़ा'

**मंडल पर स्वच्छता शपथ के साथ हुई 'स्वच्छता पखवाड़े' की शुरूआत**

सम्पूर्ण भारतीय रेल पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। पश्चिम रेलवे के भावनगर मंडल पर 17 सितम्बर, 2025 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, भावनगर परा में मंडल रेल प्रबंधक श्री दिनेश वर्मा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'स्वच्छता शपथ' दिलाकर पखवाड़े की शुरूआत की।




इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री दिनेश वर्मा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रति वर्ष 100 घंटे श्रमदान करने का संकल्प दिलाया। साथ ही विभिन्न स्टेशनों पर भी स्टेशन अधीक्षकों द्वारा कर्मचारियों व कांट्रैक्ट क्लीनिंग स्टाफ को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण के पश्चात स्वच्छता पखवाड़ा की औपचारिक शुरूआत की गई, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग थीम पर विशेष सफाई अभियान चलाए जाएंगे। पखवाड़े का पहला दिन 'स्वच्छता जागरूकता दिवस' के रूप में मनाया गया। इस दौरान स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली से यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

इस पखवाड़े के अंतर्गत रेलवे यूनिटों जैसे रेलवे स्टेशन, कॉलोनी इत्यादि में रेल मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे तथा कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। भावनगर मंडल के स्टेशनों, स्वास्थ्य इकाइयों एवं वर्कशॉप में पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। रेलवे कॉलोनियों में जाकर कर्मचारियों के परिवारजनों को भी स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया जाएगा।

यात्रियों को प्रदत्त खानपान सामग्री, स्टॉलों तथा जलस्रोतों की स्वच्छता की नियमित जांच की जाएगी। ट्रेनों और स्टेशनों पर उपलब्ध शौचालयों, प्लेटफॉर्म, रेलवे ट्रैक एवं कोचों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। साथ ही यात्रियों से स्वच्छता, खानपान की गुणवत्ता तथा पेयजल से संबंधित फीडबैक भी लिया जाएगा।

स्वच्छता जागरूकता को जन-जन तक पहुँचाने हेतु 19 सितम्बर, 2025 को स्वच्छता जागरूकता साइकिल रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया जाएगा।

मंडल रेल प्रबंधक श्री दिनेश वर्मा ने कहा कि झ 'इस पखवाड़े के दौरान रेलवे स्टेशनों तथा ट्रेनों में सार्वजनिक उपयोगिताओं की स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जाएगा। यात्रियों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है।'

# अहमदाबाद मंडल पर स्वच्छता शपथ के साथ 'स्वच्छता पखवाड़े' का आगाज

माननीय प्रधानमंत्री जी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में वडनगर स्टेशन पर 75 पौधे लगाए गए

'स्वच्छता ही सेवा' एक सराहनीय पहल के तहत साबरमती से वडनगर तक 'विशेष स्वच्छता अभियान' ट्रेन चलाई गई

"स्वच्छता ही सेवा" (रत्नर) 2025 अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान 2014 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन की गति को आगे बढ़ाता है और स्वच्छता के प्रति राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल में 17 सितंबर 2025 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के गृह नगर वडनगर स्टेशन पर 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनके बड़े भाई श्री सोमाभाई मोदी जी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा वडनगर स्टेशन पर मातृ प्रेम और पर्यावरण जागरूकता के सम्मान में स्टेशन परिसर में 75 पौधे लगाए गए। इस दौरान वडनगर स्टेशन पर लगभग 400 लोग उपस्थित रहे।



मंडल रेल प्रबंधक श्री वेद प्रकाश ने डीआरएम कार्यालय में रेल कर्मचारियों एवं अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी ने प्रतिवर्ष 100 घंटे श्रमदान करने और अन्य 100 लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसी के साथ मंडल में 'स्वच्छता पखवाड़ा' आरंभ हुआ, जो 2 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया जाएगा।

स्वच्छ और हरित भारत के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कुल 500 से अधिक कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ और श्रमदान गतिविधि में भाग लिया।

मण्डल रेल प्रबंधक ने इस दौरान सर्वश्रेष्ठ श्रमदान करने वाले तीन समूहों को क्रमशः प्रथम 15000, द्वितीय 10000 एवं तृतीय 5000 रुपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा भी की। इस दौरान रेल कर्मचारियों द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों, जैसे कि मंडल कार्यालय, साबरमती, चांदलोडिया, पालनपुर, महेसाणा, पाटन, भुज, वडनगर स्टेशन, डीजल शेड आदि पर व्यापक स्तर पर श्रमदान कर स्टेशनों एवं रेल परिसरों को स्वच्छ बनाया गया। जिसमें लगभग 15 ट्रक कचरा जमा कर निस्तारण किया गया।

# पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने रेलवे स्कूल के छात्रों को अत्याधुनिक एसटीईएम शिक्षा से सशक्त बनाने के लिए आईआईटी मद्रास के साथ की साझेदारी

मुंबई, 17 सितंबर, 2025

आईआईटी मद्रास स्कूल कनेक्ट कार्यक्रम के माध्यम से एक बेहतर कल के लिए यंग माइंड को आकार देना

पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मद्रास के साथ हाथ मिलाकर फ्यूचर रेडी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस साझेदारी के अंतर्गत रेलवे स्कूल, वलसाड के दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) के क्षेत्र में ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरू किए जाएँगे। इस पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग (ML) और गणित पर केंद्रित शिक्षा शामिल है, जिससे छात्रों को इन तेजी से उभरते क्षेत्रों में एक मजबूत शुरूआत मिलेगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, श्री विनीत अभिषेक द्वारा




जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के साथ-साथ स्थानीय समुदाय के छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थापित रेलवे स्कूल, वलसाड, अब आईआईटी मद्रास स्कूल कनेक्ट कार्यक्रम का एक गौरवशाली भागीदार बन गया है। यह पहल आईआईटी मद्रास का एक प्रमुख कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य आईआईटी संकाय और क्षेत्र विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन और संचालित संरचित ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से स्कूल स्तर पर रळएट शिक्षा को मजबूत करना है।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से छात्रों को उन्नत वैज्ञानिक अवधारणाओं, व्यावहारिक समस्या-समाधान विधियों और अत्याधुनिक तकनीकों से परिचित कराने के लिए तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर, रेलवे स्कूल, वलसाड के छात्रों को कई प्रमुख लाभ प्राप्त होंगे:

- संरचित शिक्षण अनुभवः विश्वस्तर पर मानकीकृत रळएट विषय-वस्तु का अनुभव।
- वैचारिक और विश्लेषणात्मक प्रोत्साहनः पारंपरिक स्कूली पाठ्यक्रम से परे गहरी समझ।
- भविष्य-केंद्रित तैयारीः उच्च अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं और अक तथा डेटा साइंस जैसे अगली पीढ़ी के क्षेत्रों में करियर के लिए मजबूत आधार।

# सूरत स्टेशन पर 10 अक्टूबर, 2025 से कुछ ट्रेनों के ठहराव बहाल

मुंबई,

आगामी त्योहारों जैसे दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के मद्देनजर, कई त्योहार स्‍पेशल ट्रेनें उधना स्टेशन से ओरिजिनेट/टर्मिनेट होंगी, जिससे इस स्टेशन पर यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। यात्री यातायात में उल्लेखनीय वृद्धि की आशंका के मद्देनजर भीड़ नियंत्रण के उपाय के रूप में सूरत स्टेशन पर अस्थायी रूप से बंद की गई कुछ ट्रेनों का ठहराव 10 अक्टूबर, 2025 से अगले आदेश तक पुनः बहाल किया जा रहा है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, स्टेशन पुनर्विकास कार्य के मद्देनजर सूरत स्टेशन पर अस्थायी रूप से कुछ हटाई गई अप एवं डाउन ट्रेनों के ठहराव को 10 अक्टूबर, 2025 से बहाल किया जा रहा है। इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है:

सूरत स्टेशन पर निम्‍न अप ट्रेनों का ठहराव

1. 09 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12655 अहमदाबादझ पुरट्चि तलैवर डॉ. एम.जी. रामचंद्रन सेंट्रल नवजीवन एक्सप्रेस
2. 10 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12833 अहमदाबादझहावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस
3. 10 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 19483 अहमदाबादझसहरसा एक्सप्रेस
4. 16 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 19435 अहमदाबादझआसनसोल एक्सप्रेस
5. 09 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 20824 अजमेरझपुरी सुपरफास्ट
6. 15 अक्टूबर 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 20820 ओखाझपुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस
7. 11 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 22939 ओखाझबिलासपुर एक्सप्रेस
8. 10 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12993 गांधीधामझपुरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस
9. 12 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 20804 गांधीधामझविशाखापत्तनम सुपरफास्ट एक्सप्रेस
10. 14 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 22664 जोधपुरझतांबरम सुपरफास्ट एक्सप्रेस
11. 10 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 22738 हिसारझसिकंदराबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस
12. 11 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 22724 श्री गंगानगरझहजूर साहिब नांदेड़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस
13. 16 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्‍या 22967 अहमदाबाद-प्रयागराज सुपरफास्ट एक्सप्रेस
14. 15 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्‍या 12905 पोरबंदर-शालीमार सुपरफास्ट एक्सप्रेस
15. 12 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्‍या 22905 ओखा-शालीमार सुपरफास्ट एक्सप्रेस
16. 10 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्‍या 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी कविगुरु एक्सप्रेस
17. 14 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्‍या 16734 ओखा-रामेश्वरम एक्सप्रेस
18. 12 अक्टूबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्‍या 22138 अहमदाबाद-नागपुर प्रेरणा एक्सप्रेस
19. 14 अक्टूबर, 2025 को

# सैफुल्लाह कसूरी कौन है? कुख्यात आतंकी ने डैम से लेकर सारा जम्मू-कश्मीर लेने की दी है धमकी, एजेंसियां अलर्ट

(जीएनएस)।

22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला, वो हमला है जिसके बारे में आज भी सोच कर हर भारतीय का खून खौल उठता है। हाालांकि पहलगाम में 26 पर्यटकों को आतंकियों द्वारा निर्मम हत्या किए जाने बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया है। उनके आतंकी ठिकानों और कुख्यात आतंकवादियों को मार कर मुंह तोड़ जवाब दिया था।

इसके बावजूद पाकिस्तानी आतंकी भारत को गीदड़भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। हाल ही में लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी ने भारत को एक बार फिर खुलकर धमकी दी है और पूरा जम्मू-कश्मीर पर जल्द कब्जा करने का गीदड़भभकी दी है।

सैफुल्लाह कसूरी ने क्या धमकी दी है?

वीडियो में सैफुल्लाह कसूरी ने भारत को धमकी देते हुए कहा है कि, "आज हम बहावलपुर में यह ऐलान करते हैं कि पीएम मोदी सुन लें और अपने जालिम समाज को भी बता दे कि वक्त आने वाला है जब यह दरिया, ये डैम और सारा जम्मू-कश्मीर हमारे होंगे। जो कुछ आज हो रहा है, उसका बदला लिया जाएगा। ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। हम अपनी जान पर खेलेंगे और अपने वतन के हर हिस्से की रक्षा करेंगे। जो भी हरकतें की जा रही हैं, उसका खामियाजा भुगतना होगा।" उसने आगे यह भी कहा, "हम अपने वतन-ए-अजीज के इंच-इंच, जर्रे-जर्रे का तहफ़्फ़ुज और दिफा करेंगे।



सुरक्षा एजेंसियां हुई अलर्ट

आतंकी कसूरी की इस धमकी के बाद भारत की सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर आ चुकी हैं। जम्मू-कश्मीर में पहले से भी अधिक सुरक्षा बढ़ा दी गई है। चप्पे-चप्पे में पुलिस और सुरक्षाबल तैनात कर दिए गए हैं। इसके साथ ही तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।

कौन है सैफुल्लाह कसूरी?

सैफुल्लाह कसूरी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का निवासी है और लश्कर-ए-तैयबा का उप-प्रमुख है। उसे आतंकी हाफिज सईद का करीबी माना जाता है।

कसूरी पाकिस्तानी सेना तथा आईएसआई के विभिन्न कार्यक्रमों में भी शामिल होता है। कसूरी हमेशा कड़ी सुरक्षा के घेरे में रहता है।

कसूरी के इर्द-गिर्द आधुनिक हथियारों से लैस आतंकियों का घेरा मौजूद रहता है।

यह पहली बार नहीं है जब सैफुल्लाह ने भारत के खिलाफ ऐसी भड़काऊ बातें की हों। पहलगाम हमले के बाद उसने कहा था कि जब यह घटना हुई, वह अपने इलाके के लोगों से मिल रहा था।

भारत ने उसे हमले का मास्टरमाइंड बताया है, जिससे वह और उसका शहर कसूर दुनिया भर में प्रसिद्ध हो गए।उसने यह भी दावा किया कि वे अगली पीढ़ी को जिहाद के लिए तैयार कर रहे हैं और उन्हें मौत का कोई डर नहीं है।

कसूरी ने स्वीकार किया था कि भारत की एयरस्ट्राइक में उसके साथी आतंकवादी मुदस्सर के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए थे।

**पश्चिम रेलवे वडोदरा मंडल**

**पुलों का पुनःनिर्माण**

**ई-निविदा सूचना सं. DRM-BRC 122 OF 2025-26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (W A/C), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390 004 द्वारा निम्नानुसार कार्यों हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । **कार्य का नामः** वडोदरा मंडल :- वडोदरा-गेरतपुर अनुभाग पर पुल सं. 601, 640 UP, 642, 644 एवं 645 का पुनःनिर्माण । **कार्य की अनुमानित लागत (₹ में):** 8,46,75,255.96, **जमा कराने की बीड सुरक्षा (₹ में):** 5,73,400.00, **निविदा जमा कराने एवं निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** निविदा दिनांक 08.10.2025 को 15:00 बजे से पहले जमा की जाएगी एवं उसी दिनांक को 15:30 बजे निविदा खोली जाएगी । **वेबसाईट का विवरण एवं नोटीस का स्थान जहाँ से विवरण देखे जा सकते हैं एवं कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीद सकते हैं: वेबसाईटः www.ireps.gov.in** मंडल रेल प्रबंधक (W A/C), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-4

BRC-187

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# 'मैच रेफरी ने मांग ली माफी,' थूककर चाटने के बाद पाकिस्तान का नया पैंतरा, बेइज्जत होकर सुनाई बेवकूफी भरी कहानी

(जीएनएस)।

आईसीसी के सामने भारी बेइज्जती होने के बावजूद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अपनी जनता से झूठ बोलने में पीछे नहीं रहा। यूएई के खिलाफ मैच खेलने से इनकार करने के बाद पाक ने मुकाबला खेला। सूर्यकुमार यादव द्वारा हाथ नहीं मिलाने वाले मामले को मैच रेफरी से जोड़कर पाकिस्तान ने राजनीति की लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी।

यूएई के खिलाफ मैच शुरू होने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के हेड मोहसिन नकवी ने अपने देश में एक प्रेस वार्ता कर दुनिया को झूठ परोसने का काम किया। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने हमें प्रोटेक्ट किया है। मैच रेफरी एंडी पाईक्रॉफ्ट ने माफी मांग ली है।




नकवी ने कहा कि मैच रेफरी ने पाकिस्तान क्रिकेट ऑपरेशंस मैनेजर, हेड कोच और कप्तान से गलती की मांगी है। इस वजह से हमने खेलने का फैसला लिया। हमने आईसीसी से निवेदन किया है कि 14 सितंबर को आचार संहिता का उल्लंघन हुआ, इस पर जांच हो।

क्रिकेट और राजनीति एक साथ नहीं हो सकते। इन दोनों चीजों को अलग रखना चाहिए। हमें प्राइम मिनिस्टर और रमीज भाई आदि लोग मैच का बहिष्कार करने में हमारे सपोर्ट में थे। अंतिम समय में क्या होना है, उसका हमें पता नहीं था। अल्लाह तालाह ने पाकिस्तान के इज्जत रखी। आइंदा अब हम क्रिकेट पर ध्यान रखेंगे सियासत पर नहीं।

नकवी ने मामला रेफरी पर माफी के साथ समाप्त कर दिया लेकिन पाइक्रॉफ्ट ने इसे लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वह पहले से ही मैच रेफरी तय किये गए थे और पाक ने खेलने से इनकार अंतिम समय पर किया है। मैच रेफरी को हटाने की मांग पर अड़ने के बाद माफी पर तुरंत मान जाना कुछ अलग इशारा करता है।

# वजीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सेवा पखवाड़ा में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का लाइव संबोधन शिविर का आयोजन किया गया

(जीएनएस)।

बदायूं के नगर वजीरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर माननीय श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शुभ अवसर पर आज दिनांक 17 सितंबर 2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 2/9/2025 तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत के विचारों का संजीव प्रसारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगर वजीरगंज जनपद बदायूं पर देखते हुए मुख्य अतिथि माननीय भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राघव चौहान एवं सभी 75 जनपदों में मेडिकल कॉलेज जिला



चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था वही नगर वजीरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राघव चौहान वजीरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फीता काट कर सेवा पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया एवं स्वास्थ्य नगरी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत हर जनपदों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया कार्यक्रम मौके पर उपस्थित भाजपा के मंडल महामंत्री श्री रविंद्र शर्मा मंडल उपाध्यक्ष श्री रिधी प्रताप जी नरेश गुर्जर श्री पुष्पेंद्र माली आदित्य एवं सीएससी प्रभारी डॉक्टर राजकुमार सिंह, एवं डॉ बृजेश फार्मासिस्ट सभी सीएससी के कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे

# सुप्रीम कोर्ट ने डीएम और सिटी मजिस्ट्रेट से मांगा जवाब

पीलीभीत। शहर से लगे चंदोई गांव में गाटा संख्या 492 पर बनी अवैध दुकानों को अब तक नहीं ढहाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने पीलीभीत के जिलाधिकारी और सिटी मजिस्ट्रेट से जवाब मांगा है। साथ ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के द्वारा दिए गए स्टे आदेश को भी सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दे दी है। प्रशासन ने अब जवाब दाखिल करने की तैयारी शुरू कर दी है।

गांव चंदोई की निवासी हुमेरा सुल्तान की जमीन पर लोगों ने अवैध रूप से पांच दुकानों का निर्माण कराया था। हुमेरा सुल्तान ने सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई थी। 12 दिसंबर 2024 को सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय ने मामले की जांच के बाद बिना नक्शा और दस्तावेज के अवैध दुकानों का निर्माण पाया और सभी पांच दुकानों के ध्वस्तीकरण का आदेश दिया।

इसके बाद मामले में दूसरे पक्ष ने जिलाधिकारी न्यायालय में अपील दायर की। इस बीच हुमेरा सुल्तान लगातार आदेश का पालन कराने और दुकानों को हटवाने की मांग करती रही। दूसरी तरफ, दूसरे पक्ष ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मई 2025 में स्टे हासिल कर लिया, जिसमें सिटी मजिस्ट्रेट को दो महीने तक कोई कार्रवाई न करने का आदेश दिया गया।

इस मुद्दे को लेकर हुमेरा सुल्तान ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां अब पीलीभीत जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट और दूसरे पक्ष से जवाब मांगा गया है। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन के मुताबिक जवाब की तैयारी चल रही है और सुनवाई प्रक्रिया अभी भी जारी है।

यह मामला अवैध निर्माण, न्यायिक आदेशों की पालना, और प्रशासनिक कार्रवाई में देरी को दर्शाता है। अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिए गए इस कदम से मामले में आगे की साफगोई और न्याय मिलने की उम्मीद है।

– हुमेरा सुल्तान!

# राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वोटर लिस्ट डेटा के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' की शुरूआत की तैयारी

(जीएनएस)।

बिहार के बाद अब चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वोटर लिस्ट डेटा के "विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरूआत करने के लिए कमर कस ली है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने बुधवार को लोगों से 2002 की मतदाता सूची की जांच करने और अपने तथा अपने माता-पिता के नाम सत्यापित करने का अनुरोध किया है।

सीईओ कार्यालय ने एक बयान में कहा, "यह एसआईआर के दौरान बूथ-स्तरीय अधिकारियों (BLOs) द्वारा घर-घर जाकर जनता से गणना प्रपत्र और आवश्यक दस्तावेज एकत्र करने में सहायक होगा।"

बता दें, बिहार एसआईआर मामले की अंतिम सुनवाई अक्टूबर के पहले सप्ताह में होने की संभावना है, और कोर्ट के अनुसार इसका फैसला पूरे भारत पर लागू होगा। यह प्रक्रिया वैसे भी देशव्यापी स्तर पर नियोजित है, इसलिए राष्ट्रीय राजधानी में भी इसे लागू किया जा रहा है।



इन वोटरों को किसी प्रमाण की नहीं होगी जरूरत

पीटीआई की रिपोर्ट में चुनाव आयोग का हवाला देते हुए बताया गया है कि दिल्ली के मौजूदा रजिस्टर्ड वोटरों को वोटर लिस्ट में बने रहने के लिए अब किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं होगी, बशर्ते उनका नाम 2002 की सूची में भी रहा हो। उन्हें केवल एक गणना प्रपत्र जमा करना होगा।

अन्य वोटरों के लिए क्या है नियम?

ऐसे मामलों में जहां किसी मतदाता का नाम 2002 की सूची में नहीं है लेकिन उसके माता-पिता का नाम है, उसे पहचान प्रमाण के साथ गणना प्रपत्र और माता-पिता के संबंध में 2002 की मतदाता सूची का प्रमाण देना होगा। ऐसे वोटरों को पुरानी सूची में माता-पिता के नाम और/या पहचान व निवास के प्रमाणों की आवश्यकता होगी। हालांकि, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि कौन से प्रमाण पर्याप्त होंगे।

गौरतलब है कि बिहार में आधार कार्ड को पहचान के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप की आवश्यकता पड़ी थी, वह भी केवल पहचान के लिए, नागरिकता के लिए नहीं।

दिल्ली में कितने रजिस्टर्ड वोटर हैं?

गौरतलब है कि 2025 की शुरूआत में चुनाव आयोग ने दिल्ली में "विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराया था, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में 1.55 करोड़ रजिस्टर्ड वोटर होने का पता चला था। एसआईआर अनिवार्य रूप से पूरी वोटर की लिस्ट की फिर से जांच और नवीनीकरण है।

2002 के निर्वाचन क्षेत्रों के साथ मैप किया गया है

एसआईआर के एक टैब के तहत, वर्तमान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों को 2002 के निर्वाचन क्षेत्रों के साथ मैप किया गया है, क्योंकि इस बीच विधानसभा सीट की सीमाओं में कुछ बदलाव हुए थे। एक बयान के अनुसार, सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बूथ-स्तरीय अधिकारी (BLOs) नियुक्त किए गए हैं। सभी आवश्यक अधिकारियों-जिला चुनाव अधिकारी, चुनावी पंजीकरण अधिकारी, सहायक चुनावी पंजीकरण अधिकारी और बीएलओ-को भी प्रशिक्षित किया गया है। बिहार में कटऑफ 2003 की सूची थी। यह प्रक्रिया, विशेष रूप से आधार और राशन कार्ड जैसे सामान्य दस्तावेजों को छोड़कर विशिष्ट दस्तावेजों की मांग ने एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया था। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि यह अभ्यास लोगों को उनके मतदान के अधिकार से वंचित करने के उद्देश्य से किया गया है। बिहार में, एसआईआर के अब तक के निष्कर्षों ने पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या को 7.9 करोड़ से घटाकर 7.24 करोड़ कर दिया है।

# ग्राम पंचायत नगरा रता में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला चर्चा में

(जीएनएस)।

पीलीभीत जिले के विकास खंड बिलसंडा की ग्राम पंचायत नगरा रता में भ्रष्टाचार का खेल पैसे व फर्मों के भुगतान से भरा पड़ा है, जिससे गांव की बुरी स्थिति और सरकारी सुविधाओं का नाश हो रहा है।

मुख्य बातें:

– ग्राम पंचायत सचिव पंकज शर्मा पर ग्राम निधि में बड़े स्तर पर गड़बड़ी का आरोप।

– पंचायत में प्रधानी चल रही बैसाखी, प्रधानी का हिस्सा बादल नाम के व्यक्ति का।


– चुनिंदा फर्मों को भारी भुगतान, सरकारी फंड का हो रहा दुरुपयोग।

– गांव का सरकारी स्कूल विकास से कोसो दूर, घास, गंदगी और बदहाली के शिकार बच्चे।

– मिट्टी भराव के नाम पर पैसा निकालने का खेल, लेकिन स्कूल और गांव की स्थिति जर्जर।

– नलों की खराबी महीनों से बनी हुई है, लेकिन लाखों रुपए खर्च दिखाए गए।

– पूरे मामले की जांच के आदेश, सरकार और प्रशासन की आंखें




खोलने की जरूरत।

यह पूरा मामला भ्रष्टाचार, अनदेखी और सरकारी प्रबंधन की गंभीर तस्वीर दिखाता है।

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 75वाँ जन्म दिवस : अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद आयोजित 'मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प'

गांधीनगर, 17 सितंबर :राज्यपाल आचार्य देवव्रत तथा मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर तथा अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के 61वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 'रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0' थीम अंतर्गत आयोजित विश्व के सबसे बड़े 'मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प' की मुलाकात ली।

इस अवसर पर राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गुजरात तथा महाराष्ट्र की जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि मोदीजी ने उनका समग्र जीवन राष्ट्र सेवा तथा देश के विकास के लिए समर्पित किया है। गुजरात की धरती पर समय-समय पर महापुरुष जन्मे हैं, जिन्होंने समाज एवं देश के हित के लिए असाधारण योगदान दिया है। ऐसे ही महापुरुषों में शामिल हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आज समग्र विश्व में भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। अनेक देशों ने उन्हें सर्वोच्च समान देकर भारत तथा गुजरात का गौरव बढ़ाया है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत प्रगति के नए पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के 75वें जन्म दिवस पर अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में रक्तदान शिविर का आयोजन बहुत ही सराहनीय है।

उन्होंने जोड़ा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अनेक योजनाओं के माध्यम से प्रगति के सोपान पार कर रहा है। 75 वर्ष के



जीवन में प्रधानमंत्री द्वारा अर्जित किया गया ज्ञान आज समग्र देश के लोगों में उत्साह का संचार कर रहा है तथा उनके नेतृत्व में मानवता के कल्याण के अनेक कार्य हो रहे हैं।

रक्तदान शिविर की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आचार्य श्री महाश्रमण की प्रेरणा से तथा अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के नेतृत्व में विश्व के 75 देशों में इस प्रकार के रक्तदान शिविरों का आयोजन हो रहा है। यह बहुत गौरव की बात है।

रक्तदान सबसे बड़ा जीवनदान है। इतना ही नहीं; रक्तदान से भाईचारा पैदा होता है और सबमें एकता भी देखने को मिलती है।

इस अवसर पर उन्होंने परिषद के सभी सदस्यों को तथा इस अभियान में जुड़कर रकत्दान करने वाले विभिन्न समुदायों के सभी लोगों को अभिनंदन भी दिया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि समग्र देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 75वाँ जन्म दिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सेवा समर्पण के भावों को जन-जन तक उजागर करने के उद्देश्य के साथ अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प हम सभी के लिए गौरव की बात है।

श्री पटेल ने जोड़ा कि प्रधानमंत्री के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर यानी बुधवार को भी राज्य में उनके जन्म दिवस को अनूठे ढंग से मनाया गया।कर्मचारियों द्वारा'नमो के नाम रक्तदान' पहल अंतर्गत राज्य में 378 रक्तदान शिविरों के माध्यम से प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जिस प्रकार रक्त शरीर में चालक बल है, उसी प्रकार इतनी बड़ी संख्या में रक्तदान का संकल्प प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी में लोगों के विश्वास का प्रतिबिंब तेज तथा नए भारत-विकसित भारत का प्रेरणा बल है।

श्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री के शब्दों का स्मरण करते हुए जोड़ा कि आर्थिक दान करने वाले की तकती लगती है, परंतु रक्तदान करने वाले की तकती कभी नहीं लगती है। इसी कारण रक्तदान को महादान कहा गया है। रक्तदान केवल जीवनदान का कार्य नहीं है, बल्कि करुणा, प्रेम एवं सामाजिक जागृति का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जब विकसित भारत के निर्माण के लिए सस्टेनेबल डेवलपमेंट के साथ स्वच्छ भारत तथा मेदस्वितामुक्त भारत का भी आ'ान किया है, तब हम भी योग, प्राणायम तथा व्यायाम द्वारा 'फिट इंडिया' अभियान में जुड़कर स्वस्थ जीवन द्वारा रक्तदान कर किसी के जीवन के दाता बनें।

इस अवसर पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प की मुलाकात भी ली।

इस अवसर पर अहमदाबाद की महापौर श्रीमती प्रतिभाबेन जैन, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष श्री रमेश डागा, उपाध्यक्ष श्री पवन मांडोत, तेरापंथ युवक परिषद-अहमदाबाद के अध्यक्ष श्री प्रदीप बागरेचा, सचिव श्री सागर सालेचा, परिषद के कार्यकर्ता तथा विभिन्न समाजों के अग्रणी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सखिया मेले में महिला की गले से चैन उचक्के ने उड़ाई

पीलीभीत दियोरिया कला। कोतवाली क्षेत्र के गांव सखिया में लगे मेले से सोमवार को एक चोरी की सनसनीखेज घटना सामने आई। भीड़भाड़ के बीच अज्ञात उचक्के ने एक महिला के गले से सोने की चैन खींच ली और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार भारतगंज मोहल्ला थाना बिलसंडा निवासी विपिन प्रजापति 15 सितंबर को अपनी पत्नी संग सखिया गांव में ब्रह्मदेव के दर्शन करने पहुंचे थे। सोमवार दोपहर लगभग एक बजे जब वह मेले में घूम रहे थे, तभी अचानक एक शातिर उचक्का उनकी पत्नी की गर्दन से चैन झपटकर भीड़ में गायब हो गया। चोरी हुई चैन का वजन करीब साढ़े सात ग्राम बताया जा रहा है। विपिन प्रजापति ने घटना की शिकायत करते हुए कहा कि इस चोरी से उन्हें न केवल आर्थिक नुकसान हुआ है बल्कि उनकी पत्नी को मानसिक आघात भी पहुँचा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई है और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

गौरतलब है कि मेले-ठेलों में भीड़भाड़ के दौरान उचक्कों की सक्रियता बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस गश्त के बावजूद चोर खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले में कितनी तत्परता दिखाती है। प्रभारी निरक्षक दिगंबर सिंह ने बताया कि मामले की है जानकारी जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# यूपी पुलिस में बड़े स्तर पर तबादले, 56 अधिकारियों को नई पोस्टिंग और जिम्मेदारी मिली, जानिए किसे कहा भेजा गया

(जीएनएस)।

उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग ने बुधवार को 56 पुलिस अधिकारियों के बड़े तबादलों की घोषणा कर दी। इसमें डिप्टी एसपी से एडिशनल एसपी बने लगभग डेढ़ दर्जन अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। इन बदलावों से राज्य के कई कमिश्नरेट और जिलों में प्रशासनिक संतुलन बदल सकता है।

संबल में तैनात अनुज कुमार चौधरी को एएसपी रैंक में पदोन्नत कर फिरोजाबाद भेजा गया है। गोरखपुर में तैनात एएसपी सुरक्षा अनुराग सिंह को अब रामपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं डीजीपी मुख्यालय की सोशल मीडिया सेल में काम कर रहे संतोष कुमार द्वितीय को गोरखपुर में एएसपी सुरक्षा बनाया गया है।

इस बार के तबादलों में केवल




पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों ही नहीं, बल्कि कुछ अनुभवी डिप्टी एसपी को भी नई जगहों पर भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह बदलाव राज्य में बेहतर पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण के प्रयासों के तहत किया गया है।

प्रमुख अधिकारियों की नई जिम्मेदारियां

झांसी के एएसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह को अब अमेठी में तैनात किया गया है। डीजीपी मुख्यालय की स्थापना शाखा में कार्यरत रंजन सिंह को डीजीपी मुख्यालय में एएसपी क्राइम की जिम्मेदारी मिली है। बरेली के एएसपी एलआईयू गोपी नाथ सोनी को लखनऊ कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया।

एलआईयू अयोध्या में तैनात राम अर्ज को पीटीएस जालौन भेजा गया है। सीआईडी मुख्यालय में काम कर रहे विशाल यादव अब लॉजिस्टिक मुख्यालय में तैनात होंगे। नोएडा कमिश्नरेट में मनीष कुमार मिश्रा को मिर्जापुर में नक्सल ऑपरेशन का जिम्मा सौंपा गया।

पीएसी और कमिश्नरेट में बड़े बदलाव

मुरादाबाद की 9वीं वाहिनी पीएसी में तैनात बंशराज सिंह यादव को सीआईडी मुख्यालय भेजा गया है। प्रयागराज कमिश्नरेट में कुलदीप सिंह प्रथम अब संभल में एएसपी उत्तरी बनाए गए हैं। अलीगढ़ की 38वीं वाहिनी पीएसी में तैनात राजकुमार द्वितीय को 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी भेजा गया।

खीरी के एएसपी पश्चिमी प्रकाश कुमार को बिजनौर में एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। प्रयागराज पीएसी के अनित कुमार अब 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद में तैनात होंगे। सीआईडी गोरखपुर की सेक्टर ऑफिसर रचना मिश्रा को पीटीएस गोरखपुर भेजा गया।

प्रोन्नत अधिकारियों की नई तैनाती

सोनभद्र की 48वीं वाहिनी पीएसी में विजय प्रताप यादव-प्रथम को उपसेनानायक बनाया गया है। एससीआरबी में तैनात शीतांशु कुमार को पीएसी मुख्यालय भेजा गया। डीजीपी मुख्यालय से जुड़े अभिषेक यादव को अयोध्या की 8वीं वाहिनी एसएसएफ में तैनात किया गया।

एटा के अमित कुमार राय को खीरी में एएसपी पश्चिमी बनाया गया है। आगरा कमिश्नरेट के आनंद कुमार पांडेय अब देवरिया में एएसपी उत्तरी

# रामलीला मेले में शुरू हुआ दंगल।

**उद्घाटन के लिए उत्तराखंड से पहुंचे कुश्ती संघ के जनरल सेक्रेटरी कुंवर शिववर्धन सिंह।**

पीलीभीत दियोरिया कला। न्यूरानपुर रामलीला मेले में योगी हनुमान नाथ जी के सानिध्य में चल रहे विशाल रामलीला मेले में एक विशाल दंगल का शुभारंभ किया गया जो कि 21 सितंबर तक चलेगा दंगल में दूर-दूर से नामी गिरामी पहलवान पहुंच रहे हैं दंगल के उद्घाटन के लिए उत्तराखंड कुश्ती संघ के जनरल सेक्रेटरी कुंवर शिववर्धन सिंह व लखीमपुर से राष्ट्रीय शूटिंग टीम के सदस्य कुंवर विकास सिंह तोमर ने अखाड़ा पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पहलवानों के हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का दियोरिया कला के ग्राम प्रधान अजय सिंह, नेशनल शूटर दीपेन्द्र सिंह,सुखबेंद्र पाल सिंह, संतोष सिंह, रजनीश सिंह, अरविंद सिंह, अनिल सिंह,संजू सिंह प्रधान मझिगवां, कल्याण सिंह, विशाल गंगवार,संजय कुमार, शिवम् गंगवार , मनोज गुप्ता बीसलपुर ,अवनीश जायसवाल बिलसंडा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कुंवर शिववर्धन सिंह ने युवाओं से नशा छोड़कर शारीरिक मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में योगी हनुमान नाथ ने जनरल सेक्रेटरी कुंवर शिववर्धन सिंह को गदा भेंटकर सम्मानित किया।

# अस्पताल कर्मचारी ने की अभद्रता, पीड़ित ने की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

पीलीभीत दियोरिया। दियोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर लापरवाही और बदसलूकी के कारण कटघरे में है। इस बार दियोरिया कलां निवासी प्रेमपाल ने कर्मचारियों पर अभद्रता और दबंगई का गंभीर आरोप लगाया है। प्रेमपाल ने बताया कि वह पेट की समस्या को लेकर अस्पताल पहुंचे थे, जहां डॉक्टर ने जांच लिखी। लेकिन जब वह लैब विभाग में पहुंचे तो कर्मचारी ने साफ कह दिया कि मशीनें कई दिनों से खराब हैं। हैरानी की बात यह है कि प्रेमपाल के ही परिवारजन ने एक दिन पहले वहीं पर जांच कराई थी। जब पीड़ित ने यह सवाल उठाया तो कर्मचारियों ने न सिर्फ उनसे बदसलूकी की, बल्कि उनका मोबाइल फोन भी छीन लिया।

पीड़ित ने इस पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई है और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रेमपाल का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को इलाज की बजाय अपमान और परेशानी मिल रही है। गौरतलब है कि दियोरिया सीएचसी विवादों से अछूता नहीं रहा है। कभी डॉक्टरों द्वारा बाजार की दवाइयां थोपने तो कभी कर्मचारियों की मनमानी ने इस अस्पताल की छवि धूमिल की है। अब मरीज से अभद्रता और फोन छीनने की घटना ने यहां की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। साफ है कि अगर ऐसे मामलों पर कठोर कदम नहीं उठाए गए तो मरीजों का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से पूरी तरह उठ जाएगा।